PART-**1**

# पुनर्जागरण काल के भूगोलवेत्ता:- सेबस्टियन मुस्टर

डॉ. राजेश कुमार सिंह, भूगोल

सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय, सहरसा

## पुनर्जागरण काल के भूगोलवेत्ता (Geographers of Renaissance Period)

### 3. सेबस्टियन मुस्टर (Sebastian Muster):-

जर्मन विद्वान सेबस्टियन मुस्टर (1489-1552) पुनर्जागरण काल के विश्व भूगोल का प्रथम लेखक था। उसने 120 सहयोगी लेखकों के योगदान से छः खण्डों में एक पुस्तक प्रकाशित (1544) की थी जिसका नाम ‘विश्व भूगोल’ (Cosmography Universal) था। पुस्तक के सभी खण्डों का प्रकाशन लगभग 18 वर्षों में सम्पन्न हुआ था। पुस्तक के प्रथम खण्ड में समकालीन विश्व भूगोल का संक्षिप्त परिचय है और शेष पांच खण्डों में विश्व के विभिन्न प्रदेशों का विस्तृत भौगोलिक वर्णन है। यह पुस्तक कई दशाब्दियों तक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ के रूप में प्रतिष्ठित रही।